चिकन खाने के दौरान युवक गले में फंसी हड्डी, जिला अस्पताल में हुई युवक की सर्जरी, सांस लेने में हुई दिक्कत



शाजापुर, निप्र। जरा सी लापरवाही कभी-कभी जान पर भारी पड़ सकती है। ऐसा ही एक मामला शाजापुर में सामने आया, जहां चिकन खाते समय 24 वर्षीय युवक के गले में हड्डी फंस गई और उसकी सांस अटकने लगी। समय रहते इलाज मिलने से युवक की जान बच सकी। कन्हैयालाल अपने घर पर भोजन कर रहे था। इसी दौरान चिकन की एक नुकीली हड्डी अचानक उनके गले में अटक गई। देखते ही देखते उनकी हालत बिगड़ने लगी। न तो वे ठीक से बोल पा रहे थे और न ही कुछ निगल पा रहे थे। सांस लेने में भी भारी दिक्कत होने लगी, जिससे घरवाले घबरा गए। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

जिला अस्पताल में मौजूद डाक्टरों ने तुरंत स्थिति की गंभीरता को समझा जांच में स्पष्ट हुआ कि हड्डी गले के अंदर खतरनाक स्थिति में फंसी हुई थी। मौजूद डाक्टर ने तुरंत सर्जरी कर पूरी सावधानी और कुशलता के साथ गले में फंसी हड्डी को सफलतापूर्वक बाहर निकाला गया। आपरेशन के बाद, युवक की सांस सामान्य हुई और उसकी हालत में तेजी से सुधार आया। फिलहाल युवक खतरे से बाहर है और डाक्टरों की निगरानी में है।

जनसुनवाई में 75 आवेदन प्राप्त

शाजापुर, निप्र। जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत संपन्न हुई जनसुनवाई में 75 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री ऋतु बाफना ने की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगेरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

सांदीपनि विद्यालय का किया निरीक्षण

शाजापुर, निप्र। जिला मुख्यालय स्थित सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण कलेक्टर सुश्री ऋतु बाफना किया। इस दौरान उन् हौने सांदीपनि विद्यालय में विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण भी किया।कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विद्यालय प्राचार्य को आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर सांदीपनि विद्यालय में कक्षाओं को संचालित करने, खेल शिक्षक सहित सभी विषय के शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्कूल बस के आवागमन रास्ते का निरीक्षण करने एवं विद्यालय की साफ- सफाई के लिए पर्याप्त सफाई कर्मी व भृत्य की व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य निर्देश दिये।

इंदौर रोड मार्ग से कसरावद के ग्राम लेपा पहुंचेंगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत

कसरावद आज जाएंगे इंदौर से रोड मार्ग होते हुए कसरावद के ग्राम लेपा पहुंचेंगे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ग्राम लेपा भारती दीदी के आश्रम में मोहन भागवत का निजी दौरा होना बताया जा रहा है इसको देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह से सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्था में लगा हुआ है। जिला कलेक्टर भव्या मित्तल एवं एसपी डॉक्टर रवींद्र वर्मा जिला अधिकारी मौजूद रहेंगे।

स्टैचू ऑफ वन नेस ओंकारेश्वर से लेकर स्टैचू ऑफ यूनिटी तक चलेगा क्रूज

एमपी और गुजरात सरकार ने किया एमओयू

ओंकारेश्वर - (ललित दुबे) मध्य प्रदेश के धर्मस्व, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी पिछले दिनों प्रदेश के खंडवा पहुंचे थे। जहां उन्होंने प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना को लेकर मीडिया से चर्चा की।

, जिसमें उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार और गुजरात सरकार ने मिलकर पर्यटन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण एवं साइन किया है, जो कि जल्द ही मूर्त रूप लेने वाला है। जिसमें दोनों ही प्रदेश के वासियों को मां नर्मदा में चलाये जाने वाले क्रूज के जरिए स्टैचू ऑफ वन नेस ओंकारेश्वर से लेकर स्टैचू ऑफ यूनिटी तक के पर्यटन स्थलों का

आनंद मिल सकेगा ।

इस महत्वपूर्ण योजना को बताते हुए पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा की स्टैच्यू ऑफ वन नेस से लेकर स्टैचू ऑफ यूनिटी तक के लिए प्रदेश के पर्यटन विभाग ने एक बड़ी ही महत्वपूर्ण योजना बनाई है, जिसमें इस क्षेत्र में नर्मदा नदी में क्रूज चलाने की योजना है। इसको लेकर गुजरात सरकार के साथ मध्य प्रदेश सरकार का एमओयू भी हो चुका है और अब इस महत्वपूर्ण योजना को लेकर धरातल पर काम करने हेतु रचना योजना बन रही है। जल्द ही यह रचना भी पूरी कर ली जाएगी और दोनों ही प्रदेश के वासियों को इस महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का लाभ क्रूज के जरिए देखने को मिलेगा।

पंजीकरण करवाकर क्विज में सहभागिता सुनिश्चित करे

मेरा युवा भारत द्वारा माय भारत बजट क्वेस्ट-2026 का होगा आयोजन

झाबुआ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय अंतर्गत मेरा युवा भारत के तत्वावधान में मेरा युवा भारत, झाबुआ द्वारा युवाओं में केंद्रीय बजट-2026 के प्रति जागरूकता एवं समझ विकसित करने के उद्देश्य से 'माय भारत बजट क्वेस्ट-2026' का आयोजन किया जा रहा है।

क्विज प्रतियोगिता रजिस्ट्रेशन अभियान में यह कार्यक्रम बहु-चरणीय एवं सहभागितापूर्ण प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम चरण अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 17 फरवरी तक किया जाएगा। क्विज़ में भाग लेने के इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। क्विज चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर निबंध लेखन चरण के लिए किया जाएगा, जहां वे केंद्रीय बजट 2026 के प्रमुख विषयों पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर चयनित युवाओं को नीति-निर्माताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ केंद्रीय बजट-2026 पर वर्चुअल संवाद का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे युवाओं की नीतिगत समझ, जागरूकता एवं सहभागिता को ओर अधिक मजबूती मिलेगी।

अधिकाधिक संख्या में अभियान से जुड़ने की अपील

इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी प्रीती पंघाल ने बताया कि माय भारत बजट क्वेस्ट-2026 युवाओं को केंद्रीय बजट से जोड़ने की एक सार्थक पहल है। यह कार्यक्रम युवाओं को नीति-निर्माण प्रक्रिया को समझने और उसमें सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करेगा। मेरा युवा भारत झाबुआ द्वारा जिले के सभी युवाओं से अपील की गई है कि वे अधिकाधिक संख्या में इस अभियान से जुड़े और 3 से 17 फरवरी-2026 के बीच माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर क्विज़ में सहभागिता सुनिश्चित करे।

जिला उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा सत्र 2026-27 के प्रवेश पत्र जारी

खण्डवा 3 फरवरी 2026, श्री रायचंद नागड़ा शासकीय जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय खंडवा में सत्र 2026-27 में कक्षा 9 वी में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 8 फरवरी रविवार को किया जावेगा। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट 222.द्वश्चह्यश्वह्य.द्गद्बष्.द्बठ्ठ पर अपलोड कर दिए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री भूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि खंडवा जिले के ऐसे सभी परीक्षार्थी जिन्होंने उत्कृष्ट विद्यालय या मॉडल स्कूल चयन परीक्षा 2026-27 हेतु अपने आवेदन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से जमा किये थे, वे सभी वेबसाइट 222.द्वश्चह्यश्वह्य.द्गद्बष्.द्बठ्ठ से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर 8 फरवरी रविवार को निर्धारित परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने हेतु उपस्थित हों।

जिला अस्पताल में फिजियोथैरेपी सुविधा का लाभ उठाएं

खण्डवा 3 फरवरी 2026, फिजियोथैरेपी यूनिट को जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के जिरियाट्रिक वार्ड के साइड में शिफ्ट करके संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में फिजियोथेरेपी चिकित्सा अत्यंत प्रभावशाली तरीके से उभर कर सामने आयी है। उन्होंने बताया कि मानव शरीर के जोड़ों और हड्डियों के साथ साथ मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखने के लिए फिजियोथेरेपी अति आवश्यक है।

सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि जिला अस्पताल में वृद्धजनों और गरीब परिवारों के सदस्य मरीजों के लिए यह सेवा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। अस्पताल में अन्य मरीजों को मात्र 50 रुपए शुल्क में फिजियोथैरेपी की सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विगत 10 महीनों में कुल 6500 मरीज इस फिजियोथैरेपी सुविधा का लाभ ले चुके हैं। जिला अस्पताल में मंगलवार को फिजियोथैरेपी करवाने आए मरीज सतीश तिरोले, मोहम्मद युसूफ, शेख मुस्ताक, आवेश खान, अदिति पाल एवं मनोज कुमार ने जिला चिकित्सालय की फिजियोथैरेपिस्ट यूनिट की व्यवस्थाओं की तारीफ की।

रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला 5 फरवरी को

खण्डवा 3 फरवरी 2026, रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन शासकीय आई.टी.आई खण्डवा में आगामी 5 फरवरी गुरुवार को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इस रोजगार मेले में प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के द्वारा तकनीकी एव गैर तकनीकी क्षेत्र में लगभग 200 बेरोजगार युवक युवतियों की निजी क्षेत्र में भर्ती की जावेगी। जिला रोजगार अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक या स्नातकोत्तर है, और आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच है, उनमें से चयनित युवाओं को 8 हजार रूपए से 25 हजार रुपये सम्बंधित कम्पनी द्वारा मानदेय दिया जावेगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री सिलौटे ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को अन्य सुविधाएं कम्पनियों के नियमानुसार रहेगी। इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज की फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज के 4 फोटो, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठा सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

बिलूद में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न

खण्डवा 3 फरवरी 2026, ग्रामीण जनमानस को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बिलूद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की

अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के सचिव श्री पियूष भावे ने की। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सचिव श्री भावे ने उपस्थित ग्रामीणों को पॉक्सो अधिनियम, गिरफ्तारी के उपरांत आरोपी के अधिकार, यातायात नियमों का पालन, तथा साइबर अपराध से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कानून की सही जानकारी होने से व्यक्ति न केवल अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है, बल्कि दूसरे नागरिकों को भी सहयोग कर सकता है। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह ने निःशुल्क विधिक सहायता योजना, नेशनल लोक अदालत योजना, घरेलू हिंसा अधिनियम एवं दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलिंटियर्स श्री सत्यप्रकाश मिश्रा, ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती शोभा मालवीय एवं अन्य ग्रामीणजन भी उपस्थित थे।

सफलता की कहानी

जनसुनवाई में कलेक्टर श्री गुप्ता ने दिव्यांग अजय व श्याम को दिलाई व्हील चेयर

खण्डवा। जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता प्रत्येक मंगलवार को नागरिकों की समस्याएं सुनकर सम्बंधित अधिकारियों के माध्यम से उनका निराकरण करवाते हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में रनगांव निवासी दिव्यांग श्याम सिंह पिता राजेंद्र सिंह ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि वह 80 प्रतिशत विकलांग है, उसे मासिक पेंशन नहीं मिल रही है और व्हीलचेयर की भी आवश्यकता है। जिस पर उन्होंने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को आज ही व्हीलचेयर दिलाने तथा पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। कुछ ही देर में श्याम सिंह को व्हीलचेयर उपलब्ध करा दी गई। उप संचालक सामाजिक न्याय ने बताया कि आवेदक की पेंशन भी स्वीकृत कर दी गई है, इस माह से श्याम सिंह के खाते में पेंशन जमा होने लगेगी।

इसके अलावा खण्डवा विकासखण्ड के ग्राम अमोदा निवासी अजय की मां ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया कि उनका बेटा मानसिक एवं शारीरिक दिव्यांग है, उसे सी पी चेयर की आवश्यकता है, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने सीपी चेयर की व्यवस्था आज ही कराकर जनसुनवाई में ही देने के निर्देश दिए। कुछ ही देर में अजय को व्हीलचेयर उपलब्ध करा दी गई। जनसुनवाई में मदद मिलने के बाद अजय और श्यामसिंह खुशी खुशी अपने घर के लिए रवाना हुए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री के. आर. बड़ोले, डिप्टी कलेक्टर श्री दिनेश सावले, सिटी मजिस्ट्रेट श्री बजरंग सिंह बहादुर सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

जनसुनवाई में मछली विक्रेता महासंघ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि मछली मार्केट पिछले 22 वर्षों से पुराने बस स्टैण्ड के पास संचालित था, जिसे पिछले दिनों नगर निगम द्वारा हटा दिया गया है, जिससे व्यवसाय में 60 से अधिक परिवारों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। जिस पर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को मछली विक्रेताओं की समस्या का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में गिरजा बाई पति स्व. त्रिलोकचंद्र ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि उसके पति पंचायत सचिव थे। उनके आकस्मिक निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति न मिलने से घर की आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है, जिस पर उन्होंने जिला पंचायत के सीईओ को आवेदिका की पात्रता का परीक्षण कर उसे अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में राजेश मीणा ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि उसके पिताजी के नाम से शस्त्र लाइसेंस था। पिताजी के निधन के बाद शस्त्र लाइसेंस का फौती नामांतरण अभी तक नहीं हुआ है, जिस पर उन्होंने शाखा प्रभारी शस्त्र लाइसेंस को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बांगरदा निवासी ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि उनके गांव में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा है लेकिन नाली निर्माण नहीं कराया जा रहा है, जिससे गांव में निस्तार के पानी की निकासी की समस्या आएगी, जिस पर उन्होंने कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को समय सीमा में ग्रामीणों की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में छैगांवमाखन ब्लॉक के टेमीकला निवासी पन्नालाल व देवराम पंवार ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर बताया कि उनके गांव में खेत की ओर जाने के लिए रास्ता नहीं है, जिससे काफी परेशानी होती है, जिस पर उन्होंने जिला पंचायत के सीईओ को खेत सड़क बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

जिला चिकित्सालय में सर्दी-जुखाम, बुखार, उल्टी-दस्त के मरीजों की बढ़ी संख्या

मौसम में आई नमी, सर्द मौसम से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरित प्रभाव

झाबुआ। जिले में बसंत ऋतु के आगमन के साथ मौसम में अजीब सा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। मौसम सर्द होकर दिनभर धूप-छाव का वातावरण निर्मित हो रहा है। परिवर्तित मौसम से लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरित प्रभाव पड़ रहा है। लोगों में इन दिनों सर्दी-जुखाम, बुखार, उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक देखने को मिल रहा है।

इस तरह के मरीज जिला चिकित्सालय एवं निजी दवाखानों में अधिक आ रहे है। जिला चिकित्सालय के पंजीयन केंद्र एवं ओपीडी कक्ष और दवाई वितरण केंद्र पर मरीजों की कतार देखने को मिल रहीं है।

मौमस विभाग के तकनीकी अधिकारी राजेशकुमार त्रिपाठी ने बताया कि मावठे का असर जिले में देखने को मिल रहा है। जिसके चलते देश के कई राज्यों के साथ मप्र के कई शहरों में भी हल्की बारिश और शीत लहर फिर से बढ़ गई है। जिले में मौसम

में नमी घुलने के साथ दिनभर शीत लहरे चल रहीं है। सूर्यदेवता बादलों की ओट में आने से धूप-छांव का वातावरण बन रहा है। श्री त्रिपाठी के अनुसार मौसम अनुसंधान केंद्र भोपाल से प्राप्त शेड्यूअल से आगामी एक सप्ताह तक ओर इस तरह का मौसम रहने की संभावना है और शीत लहरों का प्रकोप भी बना रहेगा। 3 फरवरी, मंगलवार को अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 16.2 डिसे रेकार्ड किया गया।

स्वास्थ्य के प्रति रखे विशेष ध्यान

जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम किराड़ ने जानकारी दी कि इस तरह के मौसम में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों और बुजुर्गों को खान-पान में सावधानी बरतने के साथ पेयजल में साफ पानी का उपयोग करे। घरों के आंगन एवं आसपास साफ-सफाई रखे। बीपी, शुगर एवं अन्य गंभीर बिमारियों से ग्रसित रोगियों को समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श एवं जरूरी सावधानी रखना आवश्यक है।